## Headline

1. संसद पहुंचे पीएम मोदी, बोले- 'ऐतिहासिक निर्णयों का यह सत्र; विपक्ष पर साधा निशाना
2. Karnataka: गणेश चतुर्थी को लेकर BBMP सख्त, बंगलूरू में मांस की ब्रिकी पर लगाया प्रतिबंध; जारी किए दिशा-निर्देश
3. Maharashtra: PM पर निशाना साधने को लेकर विपक्षी दलों पर भड़के शिंदे, कहा- शेर से नहीं लड़ सकतीं भेड़-बकरियां
4. राम मंदिर: परकोटे में कांस्य पर उकेरी जाएंगी 90 मूर्तियां, 50 फीसदी काम हुआ पूरा; यहां बनने हैं छह मंदिर
5. ड्रैगन की जंग की तैयारी!: ताइवान का अलर्ट, 24 घंटे के अंदर हवाई सीमा के पास दिखे चीन के 103 लड़ाकू विमान
6. मोनू मानेसर पर नया खुलासा: लॉरेंस के गैंग में शामिल होना चाहता था गौरक्षक, बातचीत का 38 सेकंड का वीडियो वायरल
7. Nipah Virus: केरल में निपाह का कोई नया केस नहीं, पर 1233 लोगों पर निगरानी, इनमें 352 अति-जोखिम वाली श्रेणी में


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 73 | इंदौर, सोमवार 18 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




# अब भी नदियां उफान पर

## 4 जिलों के स्कूलों में छुट्टी; 24 से नया स्ट्रॉन्ग सिस्टम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश में सितंबर में रिकॉर्ड तोड़ बारिश फिलहाल थमी हुई है, लेकिन हालात बिगड़े हुए हैं। नर्मदा, शिप्रा, कालीसिंध, चंबल समेत सभी छोटी-बड़ी नदियां उफान पर हैं। इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, धार, बड़वानी जिले के कई गांव टापू बन गए हैं। झाबुआ के बहादुर पाडा गांव में रविवार को तालाब फूटने से 8 लोग बह गए। 3 के शव मिले हैं।**

बंगाल की खाड़ी में एक और स्ट्रॉन्ग सिस्टम बन रहा है। इसके एक्टिव होने से 24 सितंबर से प्रदेश में फिर तेज बारिश के आसार हैं। जबलपुर में सोमवार को बरगी बांध के दो और गेट बंद कर दिए गए। बांध के तीन गेट आधा मीटर तक खुले रखकर अभी भी नर्मदा में पानी छोड़ा जा रहा है। शुक्रवार को बरगी बांध के 13 गेट खोले गए थे।

### मोरटक्का पुल का डामर उखड़ा, रेलिंग बही

नर्मदा नदी में आई बाढ़ से इंदौर-खंडवा हाईवे पर मोरटक्का ब्रिज को नुकसान पहुंचा है। 900 मीटर लंबे ब्रिज पर बाढ़ का पानी 10 फीट ऊपर तक बहता रहा। शनिवार को दिन और रात में यही स्थिति बनी रही। रविवार सुबह पानी के उतरने के बाद ब्रिज जर्जर हालत में दिखाई दिया। जगह-जगह डामर बह गया। ब्रिज पर बड़े-बड़े गड्ढे और दरारें नजर आ रही हैं। रेलिंग भी बह गई। दो दिन से इंदौर-खंडवा रोड बंद



है। NHAI इंदौर के प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमेश बांजल ने कहा कि इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम ब्रिज के हालात की जांच करेगी। मरम्मत के बाद वाहनों का आवागमन शुरू करेंगे।

### ऐसा मौसम क्यों और आगे क्या?

IMD भोपाल के सीनियर वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से उठा स्ट्रॉन्ग सिस्टम इंदौर-उज्जैन संभाग में पिछले दो-तीन दिन से एक्टिव था। यहां अति भारी बारिश हुई। अब यह सिस्टम थोड़ा कमजोर हुआ है। रविवार को लो प्रेशर के रूप में एक्टिव रहा। राजस्थान से लगे जिलों में जरूर तेज बारिश हुई।

सोमवार से सिस्टम और कमजोर होगा और यह गुजरात की ओर चला जाएगा। इसके बाद बारिश का दौर थम जाएगा। 20-21 सितंबर को बंगाल की खाड़ी से फिर से नया सिस्टम एक्टिव होगा। यह भी स्ट्रॉन्ग होगा। इससे 24 सितंबर से तेज बारिश का दौर शुरू हो सकता है।

### एमपी के 15 जिले रेड जोन से बाहर हुए

10 सितंबर तक प्रदेश के कुल 23 जिले रेड जोन में थे। इनमें भोपाल, नीमच, मंदसौर, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, खरगोन, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, सीहोर, शाजापुर, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, छतरपुर, दमोह, बालाघाट, सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली शामिल हैं। 6 दिन हुई तेज बारिश से 15 जिले रेड जोन से बाहर निकल आए हैं। वर्तमान में भोपाल, गुना, अशोकनगर, दमोह, सतना, रीवा, सीधी और सिंगरौली जिले रेड जोन में शामिल हैं। भोपाल, दमोह और सिंगरौली रेड जोन से बाहर निकलने के मुहाने पर है।

# बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा आज जिले में करेगी प्रवेश

## इंदौर में 12 घंटे रहेगी यात्रा, रोड शो होगा, देपालपुर विधानसभा में फडणवीस लेंगे सभा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा सोमवार को जिले में प्रवेश करेगी। यात्रा के प्लान में बदलाव हुआ है। यात्रा के दौरान पहले इंदौर में बड़ी सभाएं होने वाली थी लेकिन अब सिर्फ रोड शो होगा। मुख्यमंत्री यात्रा में शामिल रहेंगे और नुक्कड़ सभा को संबोधित करेंगे, हालांकि ग्रामीण क्षेत्र में बड़ी सभा आयोजित होगी। जानिए यात्रा का क्या है पूरा प्लानज्।**

बीजेपी ग्रामीण मीडिया प्रभारी वरुण पाल ने बताया कि 18 सितंबर सोमवार को दोपहर करीब 2 बजे बीजेपी की जन आशीर्वाद यात्रा इंदौर जिले में देपालपुर विधानसभा से प्रवेश करेगी। काली बिल्लोद से यात्रा की इंट्री होगी। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस यात्रा में शामिल होंगे। इसके बाद बेटमा में सभा आयोजित होगी।

यहां से मांचल, कलारिया, धरावरा, धन्नड़ होते हुए महू विधानसभा में प्रवेश करेगी। जहां विश्वास नगर, धार नाका, महूगांव, ड्रीम लैंड, मेनस्ट्रीट, आंबेडकर जन्मभूमि किशनगंज, पिंगडंबर और राऊ विधानसभा के राऊ गोल चौराहे पर पहुंचेगी। राऊ में मन मंदिर आश्रम के पास ही यात्रा का विश्राम होगा। यहां कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। इससे पहले एक सभा महू में भी आयोजित होगी। बता दें देपालपुर और राऊ विधानसभा पर कांग्रेस का कब्जा है। यहां लोगों को कनेक्ट करने के लिए खास तैयारी यात्रा के जरिए बीजेपी ने की है।

### इंदौर में यात्रा के आगे चलेंगे 500 बाइक सवार युवा

यात्रा के शहर के संयोजक जवाहर मंगवानी ने बताया कि 20 सितंबर को इंदौर में जन आशीर्वाद यात्रा आ रही है। यात्रा को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है। वार्ड स्तर पर बैठकें हो गई है। विभिन्न टोलियां काम कर रही है। यात्रा के माध्यम से आम जनता का आशीर्वाद मिले।

सरकार के बीस साल के रिपोर्ट कार्ड का वितरण यात्रा मार्ग में आने वाले घरों में होगा। शहर की विभिन्न विधानसभाओं में ये यात्रा भ्रमण करेगी। 950 मंचों से स्वागत होगा। विभिन्न समाज और वर्गों को भी मंच लगाने के लिए कहा गया है। यात्रा के आगे युवा बाइक से रैली निकालेंगे। करीब 500 बाइक यात्रा के आगे चलेगी। राऊ सर्कल के आगे सोमवार को यात्रा सुबह 9 बजे रिंग रोड गुरुद्वारा से प्रारंभ होगी फिर शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जैसे राजीव गांधी सर्कल, चाणक्यपुरी चौराहा, महू नाका, मालगंज, बड़ा गणपति, गोराकुंड, खजूरी बाजार, राजबाड़ा, नंदलालपुरा चौराहा, रावजी बाजार, गाड़ी अड्?डा, मालवा मिल, नेहरु नगर, पाटनीपुरा, सुभाष नगर, कुलकर्णी चौराहे पर इसका समापन होगा। शहर में 12 घंटे यात्रा भ्रमण करेगी। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान यात्रा में शामिल रहेंगे। पहले दो दिन की यात्रा होने वाली थी लेकिन गणेश चतुर्थी की वजह से अवकाश रहेगा। लिहाजा यात्रा को रोड शो का स्वरूप दिया गया है। इसमें सभाएं नहीं होगी, केवल रथ के ऊपर से जहां उचित होगा मुख्यमंत्री आम जनता को नुक्कड़ सभा के माध्यम से संबोधित करेंगे। 21 सितंबर को सांवेर से देवास की ओर यात्रा रवाना होगी। देवास में यात्रा का समापन होगा।

# एसडीआरएफ और मेडिकल टीम को सम्मानित करेंगे कलेक्टर

## बारिश के बीच बोट से पहुंचकर घर में करवाई थी डिलीवरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शुक्रवार-शनिवार को हुई भारी बारिश के बीच जहां इंदौर सहित आसपास के क्षेत्रों के नदी-तालाब उफान पर थे और हर ओर पानी भरा था, ऐसे में सांवेर के एक गांव में महिला की डिलीवरी कराई गई। खास बात यह कि बारिश का दौर और महिला को प्रसव पीडा ऐसी थी कि तत्काल अस्पताल जाना मुश्किल था। इस पर स्टेट डिजास्टर रेस्क्यू फोर्स (एसडीआरएफ ) व मेडिकल टीम बोट से नदी पार कर गांव पहुंची और घर में ही महिला की डिलीवरी कराई। महिला व बच्चा दोनों स्वस्थ हैं।**

वाकया शनिवार दोपहर का है जब तेज बारिश हो रही थी। इसी दौरान सांवेर के खामोद कमलिया गांव में मजदूर परिवार की सुनीता पति कृष्णा को प्रसव पीड़ा हुई। इस पर उसने मकान मालिक सज्जनसिंह राठौर से मदद मांगी। चूंकि उस दौरान तेज बारिश हो रही थी और आसपास के क्षेत्र जलमग्न थे इसलिए महिला को अस्पताल भेजना संभव नहीं था।

ऐसी स्थिति में राठौर के बेटे कीरतसिंह ने सांवेर एसडीएम गोपालसिंह वर्मा को सूचना दी। इसके बाद सांवेर एसडीओपी प्रशांत भदौरिया व टीआई मोहन मालवीय ग्वाला गांव पहुंचे। उन्होंने स्थिति जायजा लेकर एसडीएम वर्मा को जानकारी दी। इस पर एसडीएम ने इंदौर होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट सुमंत जैन से संपर्क किया। इसके बाद ग्वाला गांव में होमगार्ड की एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया।

दोपहर 12.30 बजे एसडीआरएफ ग्वाला गांव पहुंची। यहां एसडीआरएफ ने सांवेर के सिविल अस्पताल की डॉ. लता विनोलिया, स्टाफ नर्स हीरा शर्मा और आया ललित शिंदे को साथ लिया। टीम यहां से बोट से उफनते नाले के बीच दूसरे किनारे पहुंची। फिर से कार से 3 किलोमीटर दूर खामोद कमलिया गांव तक टीम पहुंची। उधर महिला की प्रसव पीड़ा लगातार बढ़ रही थी। इस पर पीडिता के घर पर उसका सुरक्षित प्रसव कराया जहां उसने बेटे को जन्म दिया है।

### गांव वालों ने तालियां बजाकर किया स्वागत, कलेक्टर ने की सराहना

डिलीवरी कराने के बाद टीम फिर से बोट से ग्वाला गांव पहुंची। यहां एसडीएम वर्मा, एसडीओपी भदौरिया और टीआई मालवीय इनका इंतजार कर रहे थे। इस दौरान टीम जैसे ही बोट से टीम उतारी मौके पर मौजूद लोगों ने टीम का ताली बजाकर स्वागत किया और सराहना की। मामले में कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी ने एसडीआरएफ व मेडिकल टीम ने सराहना की है। टीम का सम्मान किया जाएगा।

# रविवार को बारिश ने दी राहत

## इस मानसून सीजन में अब तक 44 इंच बरसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पिछले दो दिन से इंदौर में घनघोर वर्षा के बाद बादलों ने रविवार को राहत दी। दिनभर बादल छाए रहे और हल्की बूंदाबांदी हुई। एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र पर रविवार शाम 5.30 बजे तक पिछले नौ घंटे में 6.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं रविवार सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटे में 144 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई। रविवार सुबह शहर में बादल छाए और हल्की वर्षा होती रही। रविवार सुबह 8 बजे तक पिछले 40 घंटों में शहर के रीगल क्षेत्र में 394 मिलीमीटर (करीब 16 इंच) बारिश दर्ज हुई। वहीं एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र पर सुबह 8.30 बजे तक विगत 39 घंटे में 301 मिमीमीटर ( 12 इंच) दर्ज हुई। शहर में रविवार सुबह धुंध का असर रहा और न्यूनतम दृश्यता एक हजार मीटर तक भी पहुंची। पिछले तीन दिनों से बादल व वर्षा के कारण धूप न निकलने का असर दिन के तापमान पर दिखा और अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री कम 22.6 डिग्री दर्ज किया गया।

### जलजमाव से परेशानी

सोमवार को भी शहर में वर्षा की संभावना को देखते हुए इंदौर कलेक्टर ने जिले के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया। रविवार को शहर में वर्षा से भले ही लोगों को राहत मिली, लेकिन रहवासी क्षेत्रों में जलजमाव व ड्रेनेज समस्या के कारण लोग परेशान हुए। दिनभर नगर निगम की टीमें सुधार कार्य में जुटी रहीं। रविवार को देपालपुर में चंबल नदी का पानी बढ़ने पर एसडीईआरएफ की टीम ने 60 लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।




# संभाग में सोयाबीन की फसल चौपट

## भारी बारिश से खेतों में पानी भरा, सूखी फलियां हो गई खराब

**इंदौर। शुक्रवार से शुरू हुई जोरदार बारिश ने जहां बीते सालों के कई रिकॉर्ड तोड़े वहीं इस बारिश से सोयाबीन की फसलों को भी नुकसान हुआ है। देपालपुर, सांवेर, महू, हातोद में भी भारी बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया है। इससे सोयाबीन की दोनों तरह की फसलों को नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश नहीं थमी और खेतों में जल जमाव रहा तो सारी फसलें खराब हो जाएगी।**

दरअसल इस बार जुलाई में तर कर देने वाली बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए थे और फसलें लहराने लगी थी। इसके बाद अगस्त में सिर्फ 2 इंच बारिश हुई इससे अधिकांश सोयाबीन की फसलें पीली पड़ गई थी और दाने कमजोर हो गए थे। जो बची थी वह भी ट्यूबवेल या अन्य जल स्त्रोतों के कारण जीवित थी। इस बीच सितम्बर के पहले हफ्ते के आखिरी में बारिश शुरू हुई तो किसानों की चिंता दूर हुई कि जो फसलें बची हैं उनको जीवन मिला। ये सोयाबीन की फसलें 80 से 100 दिनों वाली थी। इस बारिश से दाने फूलने लगे थे।

**इन गांवों की फसलों को नुकसान-** अब शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश से देपालपुर के माली बरोडिया, पीपल्या गांव, हिंगोनिया, रिजवाय, माली बडोदिया, पीपल्या, नैनोद, बोरसी, बिसनावदा, औरंगपुरा, धरनावद, जम्बूड़ी हप्सी के खेतों में लबालब पानी भर गया है। इनमें भी वे फसलें जो नदी, जलाशय के पास हैं उनको तो ज्यादा नुकसान हुआ है। ऐसी ही स्थिति सांवेर के गांवों की है। यहां के नारखेड़ा, जिंदा खेड़ा, रतनखेड़ी, छालिया, पाल कॉंकरिया, पालोदा टाकून, वसामदरा, माता बरोड सहित कई गांवों की फसलों को नुकसान हुआ है। अगर बारिश नहीं थमी तो और भी ज्यादा नुकसान होगा।

**इस बार दोनों ही स्थितियां चिंताजनक-** दूसरी ओर महू, बेटमा और हातोद और उसके आसपास के फसलें भी जलमग्न हैं। किसान रामप्रसाद बारोड, लाखनसिंह गेहलोत, बबलू जाधव, नानूराम व रूपसिंह ने बताया कि यह पहला मौका है जब सितम्बर में भारी बारिश से फसलें खराब होने की स्थिति में है। इसके पहले अगस्त में हुई कम बारिश के चलते किसानों को पहली वैराइटी की सोयाबीन का नुकसान भुगताना पड़ा था। अब दूसरी वैरायटी ( 100 से 120 दिनों वाली ) फसलों को लेकर अच्छी उम्मीद थी लेकिन भारी बारिश ने चिंता में डाल दिया है।

### रोबोट चौराहे से पलासिया के बीच शुरू होगा मेट्रो का काम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, इंदौर। शहर में पिछले डेढ़ साल में मेट्रो को छह किलोमीटर तैयार किया जा चुका है और वायडक्ट के इस हिस्से में ट्रेन भी चलाई जा चुकी है। गांधीनगर स्टेशन से रेडिसन चौराहे के बीच मेट्रो के 11 किलोमीटर हिस्से में सिर्फ पांच से छह किलोमीटर हिस्से में ही पियर के अलावा वायडक्ट काम बाकी है। जून 2024 तक इस हिस्से का काम पूरा होने के पश्चात इस रूट पर मेट्रो कोच का कमर्शियल ट्रायल शुरू होने की संभावना है। अब मेट्रो रेल कार्पोरेशन कंपनी लि. द्वारा रोबोट चौराहे से पलासिया चौराहे के बीच भी जल्द ही मेट्रो निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# भारी बारिश से होलकर स्टेडियम में भी बढ़ी मुश्किलें

## ◆ मैदान से बारिश का पानी हटाने के लिए 120 युवाओं की टीम, टिकट लेने पहुंचे दिव्यांग

**इंदौर। इंदौर में 24 सितंबर को होने वाली इंडिया-ऑस्ट्रेलिया के वन डे मैच को लेकर तैयारियां जारी है। इस बीच रविवार को दिव्यांग कोटे के टिकटों का वितरण होलकर स्टेडियम से हुआ। सुबह 11 बजे से टिकटों की बिक्री शुरू होना थी लेकिन मैच के शौकिन दिव्यांग टिकट लेने के लिए इससे पहले ही स्टेडियम पहुंच गए। यहां अटेंडर के टिकट नहीं मिलने की वजह से कुछ दिव्यांगों को परेशानी भी उठानी पड़ी। कोटा निर्धारित होने की वजह से गिनती के दिव्यांगों को ही खुद के साथ अटेंडर के टिकट मिले।**



एमपीसीए के ब्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि एमपीसीए की तरफ से दिव्यांगों के लिए टिकट की व्यवस्था की गई है। टिकट की कीमत 1500 रुपए है लेकिन दिव्यांगों को 300 रुपए में दिया जा रहा है। दिव्यांगों के लिए 50 टिकट हैं। व्हीलचेयर वालों को अटेंडर का टिकट दे रहे हैं लेकिन उसका कोटा भी निर्धारित है। 12 टिकट अटेंडर के देने हैं और वो हम दे चुके हैं।

वहीं अपने भाई के साथ मैच के टिकट लेने आई दिव्यांग पूजा ने कहा कि मैं हर बार मैच देखने आती हूं और विराट कोहली का हर मैच देखती हूं। मुझे बहुत अच्छा लगता है। अटेंडर का टिकट नहीं मिल रहा है। स्टेडियम से पानी निकालने के लिए 120 युवाओं की तैनाती

24 सितंबर को होने वाले मैच पर बारिश का साया भी मंडरा रहा है। बारिश से बचाने के लिए मैदान को कवर से ढका गया है लेकिन बीते दो दिनों में हुई जोरदार बारिश की वजह से कवर के ऊपर भी पानी जमा हो गया, जिसे सुबह से ही निकालने की कोशिश की गई।

करीब 120 युवाओं की तैनाती 25 सितंबर तक एमपीसीए ने की है। इन्हें प्रतिदिन 400 रुपए के हिसाब से भुगतान किया जा रहा है। एक तरह से इन्हें ही मैदान को सुखाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बता दें कम से कम तीन दिन की कडक धूप मैदान के लिए जरूरी है। पिच को लेकर भी इस बार विशेष ध्यान रखा जा रहा है, क्योंकि इसी साल स्टेडियम में इंडिया-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए टेस्ट मैच के दौरान पिच को लेकर सवाल खड़े हुए थे। इतना ही नहीं नेगेटिव रेटिंग तक होलकर स्टेडियम को मिली थी। उसके बाद ये पहला मैच है।

# रुक-रुककर हो रही बारिश

## पातालपानी, चोरल पर जाना प्रतिबंधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में शुक्रवार शाम से जारी बारिश लोगों के लिए आफत में बदल गई है। लगातार दो दिन से तेज बारिश से 61 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया है। शुक्रवार शाम 4 से शनिवार शाम 5.30 बजे तक लगभग 12 इंच पानी गिरा चुका है। शहर में इस सीजन में 45 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक बीते 48 घंटों में सबसे ज्यादा शुक्रवार शाम 5.30 बजे से शनिवार सुबह 8.30 बजे के बीच सबसे ज्यादा 5.5 इंच बारिश हुई है। बारिश के कारण बेहाल हो रहे रास्तों और मैदानों में पानी भर जाने के कारण कई स्कूलों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। ऐसे में बच्चों को बैठने में दिक्कतें आ सकती है। इसके चलते कलेक्टर इलैया राजा टी ने सोमवार को भी स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी है। हालांकि सभी शिक्षक विद्यालयीन समय पर उपस्थित रहेंगे। बारिश को देखते हुए पर्यटक स्थलों पर रोक लगा दी है। पातालपानी, चोरल डैम, जाम गेट, सीतला माता फाल, जोगी भड़क सहित तहसील के अन्य पर्यटक स्थलों पर पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। जो यहां आने वाले सैलानियों को वापस लौटने का कह रहे हैं। एसडीएम विनोद राठौड़ ने बताया बारिश को देखते हुए लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिए गए हैं।




आज ही अपनी जानकारी सबमिट करे www.detectivegroup.in पर
Whatsapp us on +91-91110 50101

# पंचायतों में भ्रष्टाचार पर भड़के पूर्व विधायक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना । पंचायतों में चल रहे भ्रष्टाचार पर सतना जिले के नागौद क्षेत्र से विधायक रहे कांग्रेस नेता यादवेन्द्र सिंह के एक भाषण ने सरकारी अमले में खलबली मचा दी है। सार्वजनिक मंच से दिए गए उनके भाषण का वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वे अपने अनुभव शेयर करते हुए इशारों में कमीशन के बजाय पिटाई की प्रेरणा देते सुने जा रहे हैं।**

दरअसल, शनिवार को नागौद के पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता यादवेन्द्र सिंह सरपंच संघ के आंदोलन को समर्थन देने पहुंचे थे। पूर्व विधायक ने जब माइक थामा और उन्होंने सरपंचों को संबोधित करना शुरू किया तो बातों ही बातों में उनके बोल बिगड़ गए। अपनी सियासत के पुराने दौर का जिक्र करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि, उन्हें समझ मे नहीं आता कि सरपंच कमीशन क्यों देते हैं? नौजवान सरपंच आखिर क्या कर रहे हैं। जब हमारा दौर था तब हम तो सीधे मार देते थे। हमने कभी किसी की न तो बर्दाश्त की न मनमानी चलने दी। चाहे वो सीईओ रहा हो चाहे ओवरसियर। सरकार की गरज हो तो काम कराए न हो तो न कराए लेकिन हमने कभी एक रुपए कमीशन नहीं दिया।

उन्होंने सरपंचों से सवाल किया कि आखिर इतना डरते क्यों हैं ? अगर 5 परसेंट सीईओ, 5 परसेंट इंजीनियर, 5 प्रतिशत रोजगार सहायक और 5 परसेंट सचिव ले रहा है तो काम कितने का और क्या कर रहे हैं।

पूर्व विधायक ने कहा कि कभी सरपंचों के पास खूब अधिकार होते थे लेकिन आज कुछ नहीं है। पंचायतों के एओआर भी PWD के एसओआर की तरह ही थे लेकिन अब तो 20 साल से पता ही नहीं कि किन दरों पर पंचायतों में काम हो रहे हैं।

सत्ता में वापसी की हर मुमकिन कोशिश कर रही कांग्रेस के पूर्व विधायक के बोल वायरल वीडियो में सुन कर सरकारी अधिकारी-कर्मचारी अभी से ही यह सोच कर सहमने लगे हैं कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो क्या वाकई उनके साथ वैसा ही होगा जिसकी प्रेरणा पूर्व विधायक दे रहे हैं।

# बड़वानी के कई गांवों पर डूब का खतरा

## ◆ खतरे के निशान से 18 मीटर ऊपर बह रही नर्मदा नदी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बड़वानी। प्रदेश सहित बड़वानी जिले में भी भारी बारिश का दौर जारी है। नर्मदा नदी खतरे के निशान 123.300 से 18 मीटर ऊपर 141 मीटर पर बह रही है। जिससे सरदार सरोवर बांध के बैकवाटर से नर्मदा पट्टी के गांवों में डूब का खतरा मंडराने लगा है। बड़वानी जिले के राजघाट, कसरावद, जंगरवा, पिछोडी, कुंडीया, धनोरा, चिपा खेड़ी, अवलदा, भिलखेड़ा, भवती, बिजासन सहित आसपास के गांवों में सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। यहां बाढ़ में 5 गांव टापू बन गए हैं। शनिवार रात को यहां के ग्रामीणों को घर-सामान को छोड़कर अन्य स्थानों पर शरण लेना पड़ी।**

### रात 12 तब गांवों में रही मेधा पाटकर

बड़वानी जिले की अंजड़ तहसील के छोटा बड़दा गांव को प्रशासन ने खाली कराया है। प्रभावितों को पुनर्वास स्थल भेजा गया, जहां सुविधाएं नहीं मिलने से लोग परेशान होते रहे और पूरी रात सो नहीं पाए। रविवार को ग्राम भवती के आक्रोशित डूब प्रभावितों ने पुतला दहन कर प्रदर्शन किया।

नर्मदा बचाओ आंदोलन की नेत्री मेधा पाटकर भी रात 12 बजे तक डूब गांवों में रही। उनका आरोप है कि यह डूब गुजरात सरकार की सुनियोजित डूब है। सरदार सरोवर के 17 मीटर ऊंचे गेट बंद हैं। हम लगातार गेट खोलने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नर्मदा बैकवाटर के सभी गांव जलमग्न हैं ओर पुनर्वास स्थलों पर कोई सुविधाएं भी नहीं हैं।

### ग्राम भवती में प्रभावितों ने किया प्रदर्शन

जिले के ग्राम भवति में बाढ़ प्रभावितों ने सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, और पुतला बनाकर अर्थी निकाली। ग्रामीणों का कहना है कि हमें पता ही नहीं था कि हम भी डूब प्रभावित क्षेत्र में शामिल हैं।

### खतरे के निशान से 18 मीटर ऊपर बह रही नर्मदा

बड़वानी जिले में नर्मदा नदी का खतरे का निशान 138.68 मीटर है। जबकि रविवार को नर्मदा का जलस्तर 142 मीटर पार हो गया है। यह खतरे के निशान से 18 मीटर ऊपर है। ग्रामीणों का कहना है कि भवति कभी भी डूब क्षेत्र का हिस्सा नहीं रहा। इस वजह से 25 से 30 परिवार के लोग बिना बिजली पानी टीन शेडों में रहने को मजबूर हैं।

# भोपाल पहुंचे मेट्रो कोच

## 28 पहियों के ट्राले पर गुजरात से लाए गए 3 कोच, पूजा के बाद ट्रैक पर लाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। गुजरात के सांवली, बड़ोदरा से करीब 850Km की दूरी तय करके मेट्रो के 3 कोच रविवार देर रात भोपाल पहुंच गए। 28 पहियों के ट्रॉले पर कोच शहरी हिस्सों से होते हुए सुभाषनगर डिपो पहुंचे। सोमवार सुबह इन्हें पूजा के बाद ट्रैक पर अनलोड किया जाएगा। टेस्टिंग के बाद ट्रायल की डेट तय होगी। 22 से 25 सितंबर के बीच ट्रायल किया जा सकता है।**

मेट्रो कोच सांवली, बड़ोदरा से 8 दिन की लंबी यात्रा के बाद भोपाल पहुंचे। रविवार रात में कोच शहरी सीमा तक आ गए थे। देर रात इन्हें सुभाषनगर डिपो तक लाया गया। कोच पहुंचने से पहले ही सुभाषनगर डिपो में अनलोडिंग से जुड़ी सारी तैयारियां पूरी कर ली गई। मेट्रो कॉर्पोरेशन की पूरी टीम इस काम में जुटी रही।

### हर कोच की इतनी लंबाई-चौड़ाई

हर कोच की चौड़ाई 2.9 मीटर और लंबाई 22 मीटर है। सोमवार सुबह 10 बजे कोच को पूजा-अर्चना कर ट्रैक पर लाया जाएगा। डिपो में बने अनलोडिंग-वे पर अनलोड किया जाएगा। डिपो 80 एकड़ जमीन पर बन रहा है। यही से मेट्रो ट्रेनों का संचालन होगा। ट्रेनों का नाइट हॉल्ट भी यही पर होगा।

# आदि गुरु की प्रतिमा का अनावरण 21 को

## समारोह में नहीं आएंगे चारों पीठ के शंकराचार्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। ओंकारेश्वर में आदि गुरु शंकराचार्य की प्रतिमा अनावरण समारोह में 21 सितंबर को चारों ही पीठों के शंकराचार्य नहीं आएंगे। अनावरण कार्यक्रम में लाइव जुड़कर श्रृंगेरी और द्वारका पीठ के शंकराचार्य धर्म उद्बोधन देंगे।**

दोनों ही शंकराचार्य लाइव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान एवं स्वामी अवेधानंद गिरी से बातचीत भी करेंगे। सरकार ने चारों ही पीठों के साथ कांचीकाम कोटि पीठ के शंकराचार्य को शासन की ओर आमंत्रित किया गया था लेकिन किसी ने भी कार्यक्रम में आने की सहमति नहीं दी।

समारोह में लाइव जुड़कर सभा या संत समागम में धर्म उद्बोधन देने की शारदा मठ, द्वारका (गुजरात ) के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती और श्रृंगेरी मठ, रामेश्वरम् (कर्नाटक) के शंकराचार्य स्वामी भारती कृष्णतीर्थ ने सहमति दी है।

# दक्षिण-पश्चिम सीट पर शिफ्ट हुए भोपाल मध्य के भाजपा दावेदार

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट भोपाल।** विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने भोपाल की दो सीट पर अपने उम्मीदवार 17 अगस्त को घोषित कर दिए थे। अब चार सीट पर उम्मीदवार घोषित होना है। हारी हुई दोनों सीट पर उम्मीदवार घोषित होने के पहले बीजेपी के दावेदारों की लंबी लाइन भोपाल की मध्य सीट पर थी। दावेदारों में ध्रुवनारायण सिंह, सुमित पचौरी, सीमा सिंह, सुरेंद्रनाथ सिंह, डॉ. हितेश वाजपेई, दुर्गेश केसवानी, नेहा बग्गा शामिल थे। ध्रुवनारायण सिंह के प्रत्याशी घोषित होने के बाद अब अधिकांश दावेदार भोपाल दक्षिण-पश्चिम सीट पर शिफ्ट होकर यहां से टिकट की लॉबिंग करने में जुट गए हैं। उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी होने के पहले बीजेपी के पूर्व विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह ने पार्टी नेतृत्व को सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि सभी की सीट बदल देनी चाहिए, ताकि लोगों का गाली देना खत्म हो सके।



# संपादकीय

## सामरिक शक्ति मजबूत

हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की ताकत बढ़ी है। नए सौदों के बाद टोही विमान सहित दूसरे उपकरण मिलने से वह और ताकतवर होगी। उत्साहजनक बात यह भी है कि दूसरे देशों से सामरिक साजो-सामान खरीदने के साथ-साथ आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल भी इस दिशा में हो रहा है और कई उपलब्धियां हासिल हुई हैं। राष्ट्रों की ताकत इस बात से भी आंकी जाती है कि उनकी सामरिक हैसियत क्या है। खासकर उन देशों के लिए अपनी सेना को मजबूत बनाना ज्यादा जरूरी हो जाता है, जिनका पड़ोसी देशों से लगातार तनाव बना रहता है। भारत को इसीलिए अपनी सामरिक शक्ति लगातार मजबूत बनाए रखनी पड़ती है कि उसे चीन और पाकिस्तान से लगातार चुनौतियां मिलती रहती हैं। निस्संदेह पिछले कुछ वर्षों में भारत ने सैन्य साजो-सामान के मामले में अपने को सुदृढ़ किया है और पड़ोसी चीन को चुनौती देने के स्तर पर खड़ा हो सका है। इसके लिए न केवल दूसरे देशों से उन्नत सामरिक संसाधनों की खरीद पर जोर दिया गया, बल्कि घरेलू विनिर्माण में भी सैन्य उपकरणों के उत्पादन पर बल दिया गया। इस कड़ी में पैंतालीस हजार करोड़ रुपए के नौ रक्षा सौदों को मिली नई मंजूरी से निस्संदेह सेना का मनोबल बढ़ेगा। इसमें सुखोई एमकेआइ लड़ाकू विमान और हवा से सतह पर मार करने वाली कम दूरी की मिसाइलों तथा नौसेना के लिए अगली पीढ़ी के टोही विमान और हल्के बख्तरबंद बहुद्देश्यीय वाहनों तथा तोपों की खरीद शामिल है। दरअसल, सेना को लंबे समय से शिकायत रही है कि बदलती जरूरतों के अनुसार उसके पास अत्याधुनिक सैन्य संसाधनों की कमी है। नए रक्षा सौदों को मंजूरी मिलने से वह शिकायत काफी हद तक दूर हो सकती है। दरअसल, वायुसेना के लड़ाकू बेड़े में तैनात ज्यादातर विमान पुराने पड़ चुके थे। उनकी जगह नए उन्नत विमानों की खरीद लंबे समय से टलती आ रही थी। रफाल की खरीद से कुछ हद तक वह कमी पूरी हुई। अभी और नए रफाल आने हैं। सुखोई जैसे विमानों के आने से वायुसेना की ताकत और बढ़ेगी। बदलती सामरिक स्थितियों में वायुसेना की भूमिका ज्यादा अहम होती गई है, इसलिए उसे अत्याधुनिक और उन्नत सामरिक संसाधनों से लैस करना ज्यादा जरूरी माना जाता है। इसी तरह नौसेना और थलसेना को भी अत्याधुनिक साजो-सामान से लैस किया जा रहा है। नए रक्षा सौदों की मंजूरी से तीनों सशस्त्र बलों की ताकत बढ़ेगी। पहले ही नौसेना को उन्नत पोत मिल चुका है, जो आपात स्थिति में समुद्र में वायुसेना को भी लड़ाकू विमान उतारने और उड़ान भरने में मददगार साबित होगा।

### अर्ज़ किया है..!

*फ़रिश्ते आ कर उन के*
*जिस्म पर ख़ुश्बू लगाते हैं*
*वो बच्चे रेल के डिब्बों में*
*जो झाड़ू लगाते हैं*

*-मुनव्वर राना*

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जिसको अपनी भूल कुबूल करने की आदत हो जाए वो साधक है.... हम अपनी कमियाँ क्यों कुबूल नहीं करते ?...इसमें हमारी तरक्की है..... इसमें क्या बिगड़ जाता है ?...**

**॥ रामकथा ॥ मानस गंगासागर ॥**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# तीज पर आज शाम को प्रदोष काल 1 घंटा 40 मिनट का मुहूर्त

हिंदू धर्म ग्रंथो में हरतालिका व्रत तीज का विशेष महत्व बताया गया है। भविष्योत्तर पुराण के अनुसार भाद्रपद मास का अत्यंत महत्वपूर्ण व्रत हरितालिका तीज हैं। सनातन धर्म में भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को यह पवित्र हरतालिका तीज व्रत रखा जाता है। ऐसी मान्यता है कि महिलाएं इस व्रत को अखंड सौभाग्य और सुखी दांपत्य जीवन के लिए रखती हैं। इस व्रत को सभी व्रतों में कठिनतम व्रत माना जाता है क्योंकि इस व्रत को महिलाएं निर्जला रहकर करती है। कुंवारी कन्याएं हरतालिका तीज व्रत को सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए रखती हैं। हरतालिका तीज व्रत के लिए मायके से महिलाओं के श्रृंगार का समान, मिठाई, फल और कपड़े भेजे जाते हैं।



हरतालिका तीज व्रत तिथि, शुभ मुहूर्त और पूजा विधि-भाद्रपद मास की शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि का प्रारंभ 17 सितंबर, दिन रविवार को दिन में 9 बजकर 43 मिनट पर होगा जो 18 सितंबर को दिन में 10 बजकर 27 मिनट पर समाप्त हो जाएगी। अतः उदय कालिक तृतीया तिथि 18 सितंबर दिन सोमवार को रखा जाएगा। हरतालिका तीज की पूजा के दो शुभ मुहूर्त बन रहे हैं। पहला शुभ मुहूर्त सुबह के समय और दूसरा प्रदोष काल यानी सूर्यास्त के बाद बन रहा है। सुबह का मुहूर्त- सुबह 06 बजें से सुबह 07 बजकर 30 मिनट तक एवं सुबह 9 बजे से 10:25 बजे तक। हरतालिका तीज की पूजा का शुभ मुहूर्त है। पूजा एवं व्रत के संकल्प के लिए यह शुभ मुहूर्त है। प्रदोष काल पूजा मुहूर्त- शाम को 05 बजकर 50 मिनट से रात 07 बजकर 30 मिनट तक पूजा का शुभ मुहूर्त है। इस मुहूर्त में भगवान शिव ,माता पार्वती, गणेश भगवान एवं माता लक्ष्मी सहित विष्णु भगवान की पूजा उपासना विशेष रूप से लाभदायक होगा।

कथा के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव के लिए कठोर तपस्या की। दरअसल मां पार्वती का बचपन से ही माता पार्वती का भगवान शिव को लेकर अटूट प्रेम था। माता पार्वती अपने कई जन्मों से भगवान शिव को पति के रूप में पाना चाहती थी। इसके लिए उन्होंने हिमालय पर्वत के गंगा तट पर बचपन से ही कठोर तपस्या शुरू की। माता पार्वती ने इस तप में अन्न और जल का त्याग कर दिया था। खाने में वे मात्र सूखे पत्ते चबाया करती थीं। माता पार्वती की ऐसी हालत को देखकर उनके माता-पिता बहुत दुखी हो गए थे। एक दिन देवऋषि नारद भगवान विष्णु की तरफ से पार्वती जी के विवाह के लिए प्रस्ताव लेकर उनके पिता के पास गए। माता पार्वती के माता और पिता को उनके इस प्रस्ताव से बहुत खुशी हुई। इसके बाद उन्होंने इस प्रस्ताव के बारे में मां पार्वती को सुनाया। माता पार्वती इश समाचार को पाकर बहुत दुखी हुईं, क्योंकि वो अपने मन में भगवान शिव को अपना पति मान चुकी थीं। माता पार्वती ने अपनी सखी को अपनी समस्या बताई। माता पार्वती ने यह शादी का प्रस्ताव ठुकरा दिया।

पार्वती जी ने अपनी एक सखी से कहा कि वह सिर्फ भोलेनाथ को ही पति के रूप में स्वीकार करेंगी। सखी की सलाह पर पार्वती जी ने घने वन में एक गुफा में भगवान शिव की अराधना की। भाद्रपद तृतीया शुक्ल के दिन हस्त नक्षत्र में पार्वती जी ने मिट्टी से शिवलिंग बनकर विधिवत पूजा की और रातभर जागरण किया। पार्वती जी के तप से खुश होकर भगवान शिव ने माता पार्वती को पत्नी के रूप में स्वीकार कर लिया था।

कहा जाता है कि जिस कठोर कपस्या से माता पार्वती ने भगवान शिव को पाया, उसी तरह इस व्रत को करने वाली सभी महिलाओं के सुहाग की उम्र लंबी हो और उनका वैवाहिक जीवन खुशहाल रहे। माना जाता है की जो इस व्रत को पूरे विधि-विधान और श्रद्धापूर्वक व्रत करती है, उन्हें इच्छानुसार वर की प्राप्ति होती है।



## हरतालिका तीज की पूजा के 3 मुहूर्त

हरतालिका तीज की पूजा इस बार 18 सितंबर को होगी, इस दिन गणेश चतुर्थी का व्रत भी रखा जा रहा है। दरअसल हरतालिका तीज इस दिन उदया तिथि में है, इसलिए लोग इस दिन तीज का व्रत रख रहे हैं, लेकिन इसी तिथि में तीज 18 सितंबर 2023 को दोपहर 12 बजकर 39 मिनट पर समाप्त होगी और इसके बाद चतुर्थी शुरू हो जाएगी। इसलिए शाम को चंद्र दर्शन के समय चौथ तिथि होगी। इस दिन व्रत रख रहें हैं तो आपके लिए पूजा के 3 शुभ मुहूर्त हैं।

**पहला मुहूर्त** –06 बजकर 07 मिनट से 08 बजकर 34 मिनट तक

**दूसरा मुहूर्त**- सुबह 09 बजकर 11 मिनट से सुबह 10 बजकर 43 मिनट तक

**तीसरा मुहूर्त**- दोपहर 03 बजकर 19 मिनट से शाम 07 बजकर 51 मिनट तकइस मौके पर महिलाओं सभी तरह का श्रृंगार कर निर्जला 24 घंटे का उपवास करती हैं।

## Highlights

1. *Assam CM Himanta Biswa Sarma gets Singapore's top fellowship*
2. *No new Nipah cases at present, 1,233 on contact list: Kerala Minister*
3. *Bengaluru bans slaughtering of animals today over Ganesh Chaturthi*
4. *Police couple use uniform, dept cars in viral pre-wedding shoot in Hyd; IPS officer reacts*
5. *Man caught on video having 'unnatural sex' with dog in Thane, FIR filed*
6. *Haryana CM announces ₹50 lakh for family of jawan killed in J&K*

# SBI's strategy for loan repayments: Visit borrower's home with box of chocolates

**New Delhi, (Agency).** In an effort to boost timely repayments, particularly among its retail borrowers, the State Bank of India (SBI) is introducing a novel strategy: greeting those at risk of defaulting on monthly instalments with a pack of chocolates, news agency PTI reported.

Ashwini Kumar Tewari, the managing director in-charge of risk, compliance, and stressed assets at SBI, said, "With two fintechs which use artificial intelligence, we are piloting a novel way of reminding our retail borrowers of their repayment obligations. While one is doing conciliation with borrowers, the other is alerting us on the propensity of a borrower to default. And to such borrowers who are likely to default, the representatives from this fintech will visit them, carrying a pack of chocolates for each of them, and remind them of the forthcoming EMIs."




Tewari said the unique method of offering chocolates and conducting surprise home visits was adopted because borrowers planning to default tend to ignore reminder calls. The personal touch of home visits has yielded remarkable success rates so far.

SBI's retail loan portfolio expanded by an impressive 16.46% to reach ₹12,04,279 crore in the June 2023 quarter, up from ₹10,34,111 crore in the same period the previous year. This makes retail loans the largest asset class for the bank, which has a total book of ₹33,03,731 crore, growing at 13.9% year-on-year.

Interestingly, the entire banking system has experienced double-digit loan growth of around 16%, driven primarily by retail loans.

Although the official did not disclose the names of the fintechs involved, he mentioned that the initiative is in the pilot phase and was implemented just 15 days ago. "We are also talking to a few other fintechs to improve our collection efficiencies and hopefully by the end of the year, we will have formally tied up with at least half of them," he said, adding that the bank wants to continue the pilot for at least four to five months."

# Jupiter Life Line Hospital IPO listing on stock markets today

**NEW DElHI, (Agency).** The Jupiter Life Line Hospitals' initial public offering (IPO) will be listed on Monday, i.e September 18. The subscriptions for the initial share had opened for three days from September 6 to 8.

The IPO comprises fresh issue of equity shares worth ₹542 crore and an offer of sale of 44.5 lakh equity shares by promoter group entities and other shareholders. Proceeds of the fresh issue will be utilised to retire debt. Besides,




funds will be used for general corporate purposes. "Jupiter hospital had got 63 times plus subscription and QIB almost 187 times as demand has shown stock can list around 950 levels in bear case while in bull case stock can list around 1040 levels", Vaibhav Kaushik, research analyst, GCL Broking, told Hindustan Times. According to the website topsharebrokers.com, the IPO had a grey market price of ₹233 and an estimated listing price of ₹968. The Jupiter hospital chain operates in Thane, Pune and Indore with a total bed capacity of 1,194 as of December 2022.

## Gujrat

# गुजरात में 'जल प्रलय' वाली बारिश से मुंबई, एमपी, राजस्थान और दिल्ली तक की ट्रेनें रद्द

**अहमदाबाद, (एजेंसी)** मध्य प्रदेश के बाद गुजरात में मूसलाधार बारिश ने जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित किया है। भरूच समेत कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। हजारों लोगों को घरबार छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा है तो स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं। गोधरा-रतलाम रूट पर अमरगढ़-पंच पिपालिया में ट्रैक पर जलभराव की वजह से कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है। कई को डायवर्ट किया गया है तो कुछ का सफर छोटा कर दिया गया है। जिन ट्रेनों पर असर पड़ा है उनमें महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी और बिहार तक की शामिल हैं।

ट्रेन नंबर 12953 मुंबई सेंट्रल-हजरत निजामुद्दीन राजधानी एक्सप्रेस जिसे 17 सितंबर को शाम 5:10 पर खुलना था उसे रात 12:30 के लिए रिशेड्यूल किया गया। इसी तरह ट्रेन नंबर



125955 मुंबई सेंट्रल-जयपुर सुपरफास्ट को भी रात एक बजे के लिए निर्धारित किया गया, जबकि इसे 17 को 7:05 पर खुलना था। 12228 इंदौर-मुंबई सेंट्रल एक्सप्रेस जिसे 17 सितंबर को रात 9 बजे खुलना था उसे 18 को सुबह 6 बजे रवाना करने का ऐलान किया गया।

ट्रेन नंबर 12934 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल कर्नावती एक्सप्रेस को वापी तक ही चलाया जाएगा। ट्रेन वापी और मुंबई सेंट्रल के बीच कैंसल कर दी गई। ट्रेन नंबर 19819 वड़ोदरा-कोटा एक्सप्रेस 18 सितंबर को रतलाम तक ही चलेगी। यह ट्रेन रतलाम से वडोदरा के बीच रद्द रहेगी। ट्रेन नंबर 19340-दाहोद एक्सप्रेस 18 सितंबर को नागदा तक ही चलेगी। ट्रेन नागदा-दाहोद के बीच रद्द रहेगी। 19 सितंबर को ट्रेन नंबर 19339 दाहोद-भोपाल एक्सप्रेस को भी नागदा-दाहोद के बीच रद्द कर दिया गया है। ट्रेन नंबर 19339 दाहोद-भोपाल एक्सप्रेस को 18 सितंबर को नागदा और दाहोद के बीच कैंसल रहेगी।

## New Delhi

# अवैध संबंध के शक में पति ने की पत्नी की हत्या, शव को कमरे में किया बंद दीवारों पर मिले खून के धब्बे

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** खजूरी खास थाना क्षेत्र के गली नंबर 17बी, मकान नं. 201 में बिस्तर पर एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान द्रौपदी (35) पत्नी सुनील के रूप में हुई। जिस कमरे में महिला की लाश मिली है, उसमें चारों तरफ खून के धब्बे हैं। द्रौपदी की यह दूसरी शादी थी। मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

मृतका की बेटी ने बताया कि उसका सौतेला पिता सुनील शनिवार से अपने कमरे का दरवाजा बंद कर गायब है। स्थानीय पूछताछ से पता चला कि सुनील और द्रौपदी लगभग हर दिन एक-दूसरे से लड़ते थे। उन्हें आखिरी बार उनकी बेटी ने शनिवार दोपहर लगभग 12:30 बजे जीवित देखा था। मकान मालिक की मौजूदगी में बंद कमरे को खोला गया तो शव निकला।

मृतका के माथे पर चोट थी और गले में चुन्नी लिपटी हुई थी। द्रौपदी की पहली शादी ज्योतिष यादव से हुई थी। उनके 4 बच्चे थे। एक लड़की द्रौपदी के साथ रहती है। बाकी 3 बच्चे बिहार के मधेपुरा में ज्योतिष यादव के साथ रहते हैं। वह पिछले सात साल से अपने दूसरे पति सुनील के साथ रह रही थी। सुनील द्वारा उनकी कोई संतान नहीं हुई।

## Uttarpradesh

# सिपाही को वर्दी का रौब दिखाना पड़ा भारी, गुस्साए युवक ने जड़ा थप्पड़

**प्रतापगढ़, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में डायल 112 में तैनात एक सिपाही को वर्दी का रौब दिखाना महंगा पड़ा। गुस्साए युवक ने सिपाही को थप्पड़ जड़ दिया। दरअसल खाखापुर चौराहे पर सड़क किनारे खड़े एक युवक से सिपाही ने अभद्रता की तो उसने इसका विरोध किया। इसके बाद पुलिस ने युवक की पिटाई कर दी। इस बात से नाराज युवक जय सिंह पटेल ने भी सिपाही को थप्पड़ जड़ दिया। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीसीआार वैन के सिपाहियों ने युवक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई तो समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर योगी सरकार और यूपी पुलिस पर जमकर निशाना साधा। यह मामला रानीगंज कोतवाली के खाखापुर कोतवाली क्षेत्र का है।

## Jammu & Kashmir

# श्रीनगर : ऑपरेशन गडूल के तहत पांच आतंकी ठिकाने तबाह, एक जला शव मिला, सेना ने बढ़ाया सुरक्षा घेरा

**श्रीनगर, (एजेंसी)** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के गडूल के जंगलों में छिपे आतंकियों की तलाश रविवार को पांचवें दिन भी जारी रही। सुरक्षाबल अब तक पांच आतंकी ठिकाने तबाह कर चुके हैं। एक गुफानुमा ठिकाने से जला हुआ शव बरामद किया गया है। हालांकि शिनाख्त नहीं हो पाई है। माना जा रहा है कि यह किसी आतंकी का ही शव होगा, जो सेना की ओर से दागे गए मोर्टार से लगी आग में झुलस गया होगा।

सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन का दायरा अब पड़ोसी गांवों तक बढ़ा दिया है। चिह्नित ठिकानों पर मोर्टार से गोलाबारी की जा रही है। सुरक्षाबलों की आक्रामक रणनीति के बाद पहाड़ों के चप्पे-चप्पे से वाकिफ आतंकी लगातार अपना ठिकाना बदल रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल घने जंगल में छिपे दहशतगर्दों की निगरानी के लिए ड्रोन और हेलिकॉप्टरों का उपयोग कर रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि बुधवार से आतंकी यहां शरण लिए हुए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार सुबह सुरक्षा बलों ने जंगल की ओर कई मोर्टार गोले दागे। घने जंगल में प्राकृतिक गुफाओं में आतंकियों ने ठिकाना बना रखा है। एहतियात के तौर पर पड़ोसी पॉश क्रेरी इलाके में सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आतंकवादी नागरिक बस्तियों में न घुस जाएं।

## खेल

# 'ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे से बाहर रह सकते हैं अक्षर, श्रेयस 99% फिट', खिताब जीतने के बाद बोले रोहित

**कोलंबो, (एजेंसी)** भारत ने एशिया कप 2023 का खिताब जीत लिया है। फाइनल में टीम इंडिया ने श्रीलंका को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने श्रीलंका को 15.2 ओवर में 50 रन पर समेट दिया था। इसके बाद 6.1 ओवर में ही जीत हासिल की थी। खिताब जीतने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने स्टार ऑलराउंडर अक्षर पटेल और बल्लेबाज श्रेयस अय्यर के स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर बातचीत की। रोहित ने कहा कि बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल के अगले हफ्ते ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो वनडे में नहीं खेलने की संभावना है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर 99 प्रतिशत मैच-फिट हैं।



शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ सुपर 4 मैच के दौरान अक्षर के बाएं क्वाड्रिसेप्स में खिंचाव आ गया था और वह एशिया कप के फाइनल से बाहर हो गए थे। वॉशिंगटन सुंदर को भारत की एशिया कप टीम में अक्षर के रिप्लेसमेंट के रूप में शामिल किया गया था। उनकी चोट को देखते हुए उम्मीद लगाई जा रही थी कि अक्षर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो सकते हैं और उनका विश्व कप में खेलना भी संदिग्ध हो सकता है। चिंताजनक बात यह है कि एमआरआई स्कैन से पता चला है कि उनकी हैमस्ट्रिंग में चोट की समस्या गंभीर है।

रोहित अक्षर की रिकवरी की गति को लेकर बहुत आश्वस्त नहीं दिखे। मैच के बाद उन्होंने कहा- अक्षर को चोट लगी थी। ऐसा लगता है कि शायद इसे ठीक होने में एक सप्ताह या 10 दिन लगेंगे, मुझे नहीं पता। हमें देखना होगा कि चोट की स्थिति कैसी होती है। कुछ लोग जल्दी ठीक हो जाते हैं और मुझे उम्मीद है कि उनके साथ भी ऐसा ही होगा। रोहित ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले दो मैच खेल पाएंगे या नहीं, लेकिन हम इंतजार करेंगे और देखेंगे स्थिति क्या बनती है।'

पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सुपर 4 मैच से पहले श्रेयस अय्यर की पीठ में चोट लगी थी और तब से उन्होंने एशिया कप के किसी मैच में हिस्सा नहीं लिया। हालांकि, अय्यर ने पिछले दिनों नेट्स पर बल्लेबाजी की और फील्डिंग ड्रिल्स भी किए। रोहित ने कहा कि श्रेयस मैच खेलने के लिए निर्धारित कुछ मापदंडों पर खरे नहीं उतरे, इसलिए उन्हें श्रीलंका के खिलाफ एशिया कप फाइनल के लिए अंतिम 11 में शामिल नहीं किया गया।

## सिनेमा

# जरीन खान के खिलाफ जारी हुआ गिरफ्तारी वॉरंट, एक्ट्रेस ने सफाई में कही ये बात



बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान को लेकर शॉकिंग खबर सामने आ रही है. एक्ट्रेस के खिलाफ गिरफ्तारी वॉरंट जारी हुआ है. दरअसल, Sealdah कोर्ट, कोलकाता में इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर ने जरीन के खिलाफ केस की चार्जशीट सब्मिट की है. उसमें कहा गया है कि जरीन ने तो जमानत के लिए प्रार्थना अर्जी डाली और न ही कोर्ट में पेश हुईं. लगातार कोर्ट में पेश न होने के चलते उनके खिलाफ गिरफ्तारी का वॉरंट इशू हुआ है. जरीन का नाम एक चीटिंग केस में सामने आया था. साल 2016 में Narkeldanga पुलिस स्टेशन, कोलकाता में जरीन के खिलाफ चीटिंग का केस दर्ज हुआ था.

पुलिस के सूत्रों का कहना है कि साल 2016 में जरीन खान को कोलकाता में एक फंक्शन में आना था. यह दुर्गा पूजा के दौरान की बात है. पर जरीन उस इवेंट में आ नहीं पाईं. उन्होंने एंड मोमेंट पर सभी को धोखा दे दिया, जबकि उनके लिए पूरा स्टेज और सभी तैयारियां हो रखी थीं. जब जरीन इवेंट में नहीं पहुंचीं तो ऑर्गेनाइजर्स ने एक्ट्रेस के खिलाफ Narkeldanga पुलिस स्टेशन, कोलकाता में चीटिंग का मामला दर्ज कराया. जरीन और उनके मैनेजर के नाम पर एक FIR भी फाइल हुई. दोनों को 41A crpc के तहत एक नोटिस जारी किया गया, जिसमें दोनों को ही केस के सिलसिले में सवाल-जवाब के लिए इन्वेस्टिगेटिंग ऑफिसर के सामने पेश होना था.

# भारी बारिश के चलते आयुष शिक्षकों ने पेड़ के नीचे किया मरीजों का इलाज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मूसलाधार बारिश के चलते रहने के बावजूद शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय इंदौर के शिक्षकों ने वेतन संशोधन की मांग करते हुए अस्पताल परिसर मैं पेड़ के नीचे एक अतिरिक्त ओपीडी लगाइ। अपनी मांग को लेकर डॉक्टर 14 सितंबर से 19 सितंबर तक अस्पताल के बाहर पेड़ के नीचे ओपीडी लगाएंगे तथा 20 सितंबर को भोपाल में पूरे मध्य प्रदेश के आयुष शिक्षकों का धरना कार्यक्रम रखा गया है उसमें भाग लेंगे। डॉक्टरों ने मरीजों का इलाज किया । जहां एक ओर आयुर्वेद एवम अन्य आयुष चिकित्सा सेवाओं को विश्व स्तर पर सराहा जा रहा है, हमारे देश में माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा आयुर्वेद को स्वदेशी चिकित्सा पद्धति के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रदेश के शासकीय आयुष महाविद्यालयों में स्वशासी शिक्षकों के साथ शासन द्वारा घोर उपेक्षा का व्यवहार किया जा रहा है । इनका वेतनमान प्रदेश के अन्य चिकित्सा शिक्षा जैसे पशु चिकित्सा, दंत चिकित्सा आदि महाविद्यालयों के शिक्षकों की तुलना में बहुत कम है।



ज्ञात रहे इन पशु एवम दंत आदि चिकित्सा महाविद्यालयों के प्रोफेसर को पुनरीक्षित वेतनमान एवम अन्य भत्ते वर्ष 2013 से प्रदान किए जा रहे है।जबकि आयुष शिक्षकों के वेतनमान में कोई संशोधन नही किया है। अत्यंत विडंबना का विषय है कि देश के अन्य राज्यों जैसे बिहार,छत्तीसगढ़ जो मध्य प्रदेश की तुलना में छोटे एवम पिछड़े राज्य माने जाते हैं,वहां भी आयुष शिक्षकों का वेतनमान हमारे राज्य की तुलना में अधिक है। प्रदेश में आयुर्वेद,होम्योपैथ एवम यूनानी कुल 09 महाविद्यालयों में लगभग 250 शिक्षक कार्यरत हैं । आयुष शिक्षक कई वर्षो से वेतन में संशोधन की मांग कर रहे हैं । कई बार शासन को ज्ञापन दिए जाने के बावजूद शासन की ओर से इस विषय पर अभी तक गंभीरता से विचार नहीं किया गया है, अतः प्रदेश के शासकीय आयुष महाविद्यालयों के शिक्षकों में गहरा असंतोष एवम हताशा का भाव है। ज्ञात हो कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा एलोपैथी चिकित्सकों की सभी मांगों को पूरा कर लिया गया है इसलिए आयुष चिकित्सक भी मांग कर रहे हैं कि समान कार्य समान वेतन की परंपरा को धरातल पर लाया जाए।

# क्रिकेट खेल रहे युवकों पर हमला पथराव भी किया, चार हिरासत में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **कोतवाली इलाके दौलतगंज स्थित उर्दू स्कूल के मैदान में क्रिकेट खेल रहे युवकों पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। जिससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभाली। वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कर चार आरोपियों को हिरासत में लिया है।**

पुलिस के मुताबिक, घटना दौलतगंज स्थित उर्दू स्कूल के मैदान की है। मामले में रितेश पिता लेखराज वर्मा निवासी दौलतगंज की शिकायत पर शोएब, इमरान, अब्दुला, तौफिक और शबाना के खिलाफ केस दर्ज किया है। रितेश ने पुलिस को बताया कि वह कार्तिक, रजत, सुमित, अंकुश, हर्ष साहू के साथ रविवार को दोपहर में क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान शोएब चाकू लेकर आया और गालियां दी। रितेश ने उसे समझाया तो हाथ में चाकू मार दिया। उसके दोस्त इकबाल, अब्दुल्ला भी आकर मारपीट करने लगे। आरोप है कि शोएब के पिता मोहम्मद आरिफ और शबाना ने पथराव किया। हमले में सुमित, रजत भी घायल हो गए। अचानक हुए हमले से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस को सूचना मिली तो मौके पर पहुंची। मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## पार्किंग में खड़ी कारों पर बरसाए पत्थर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। द्वारकापुरी में रविवार रात बदमाशों ने सड़क पर खड़ी कारों के कांच फोड़ दिए। सुबह जब रहवासी जागे तो कार के कांच टूटे देखे। जहां घटना हुई उसके सामने ही अहीरखेड़ी इलाका है। जहां पांच दिन पहले गोली चलने की घटना हुई थी। द्वारकापुरी पुलिस को सोमवार सुबह सूचना मिली कि सूर्यदेव नगर में बदमाशों ने तोड़फोड़ की घटना की है। सूचना के बाद डायल 100 मौके पर पहुंची। यहां टूल इंजीनियर शांताराम इंगले की कार के कांच फोड़कर बदमाश भाग गए। नजदीक ही खड़ी एक अन्य कार पर भी बदमाशों ने पत्थर मारे। वहीं दूसरी गली में भी कुछ वाहनों में बदमाशों ने घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की है। रहवासियों ने बताया कि रात में उन्हें आवाज नहीं आई। सुबह जब मार्निंग वॉक के लिये लोग उठे तो उन्होंने कारों के शीशे फूटे देखे। जहां घटना हुई वहां से कुछ ही दूरी पर दिग्विजय नगर और अहीरखेड़ी मल्टी है। जहां पांच दिन पहले गांजे के विवाद में बदमाशों ने हवाई फायर किये थे। फिलहाल पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश कर रही है।

# मेट्रो कर्मचारी पर जानलेवा हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मेट्रो प्रोजेक्ट में काम कर रहे युवक पर उसके ही साथियों ने काम की बात को लेकर विवाद करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। हमले में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, वहीं पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया है। गांधी नगर पुलिस के अनुसार मारपीट की घटना पालाखेड़ी कांकड़ गांधीनगर में हुई। हमले में घायल का नाम कालीचरण पिता बुलारे निशाद निवासी ग्राम जगुआ जिला बांदा (उप्र) है। वह मेट्रो यूआरसी कैंप पालाखेड़ी में काम करता है। उसकी रिपोर्ट पर आरोपी राजेन्द्र और राकेश के खिलाफ केस दर्ज किया गया। कालीचरण ने बताया कि वह मजदूरी करता है। शनिवार को दोपहर के समय खाना खाने अपने रूम पर आया तभी वहां काम करने की बात को लेकर आरोपियों ने मुझे गालियां दी। मैंने गालियां देने से मना किया तो दोनो मुझे पीटा। इसी बीच आरोपी दिनेश ने डंडे से पीठ पर और राजेन्द्र ने लोहे के सरिये से सिर में वार कर दिया। फिर जान से खत्म कर देने की धमकी दी। चोट लगने से मैं बेहोश हो गया था। पुलिस आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

### युवक को मारी ब्लेड

उधर, पलासिया इलाके में एक सिरफिरे ने एक युवक पर ब्लेड से हमला किया है । उसने यह कहकर ब्लेड मारी कि वह अस्पताल में भर्ती भाई को देखने क्यों नहीं आया। पुलिस ने शैलेंद्र वर्मा निवासी विनोबा नगर की शिकायत पर आरोपी संजय उर्फ संजू निवासी विनोबा नगर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शैलेंद्र वर्मा ने बताया कि वह बंसी पान की दुकान के पास विनोबा नगर में खड़ा था और बीड़ी पी रहा था तभी आरोपी वहां आया और बोलने लगा कि तुम लोग अस्पताल में भर्ती मेरे भाई को देखने नहीं आए । यह कहकर आरोपी संजय ने विवाद ने शुरू किया और ब्लेड से शैलेंद्र के गले और गाल पर हमला कर दिया। उसका गला और गाल दोनों ही कट गए। पुलिस ने गंभीर ब्लेड बाजी की धाराओं में केस दर्ज किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धाराओं में भी एक और प्रकरण दर्ज कर चाकू भी बरामद किया है।

### कचरा फैलने को लेकर झगड़ा, महिलाओं में मारपीट

**इंदौर**। कचरा फेलने को लेकर आस-पड़ोस में रहने वाली महिलाओं के बीच झगड़ा हो गया और नौबत मारपीट तक जा पहुंची, इस दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर टूटे कांच से हमला कर दिया। एरोड्रम पुलिस ने बताया कि विवाद शनिवार को नगीन नगर में हुआ। रेखा पति कमल चौहान की रिपोर्ट पर पड़ोसी परिवार के तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि मैंने पड़ोसी युवती को कचरा फैलाने से मना किया तो वह गालियां देने लगी। जब गालियां देने से मना किया तो वह आरोपियों ने लात-घूंसों से मारपीट की। मेरी बेटी पूजा बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की। इसके बाद आरोपी की परिचित दो महिलाएं भी आ गईं और हमें पीटा।

# नेपाल से आते ही पकड़ाया मोबाइल हेराफेरी करने वाला सरगना

◆ 642 मोबाइल की खेप पकड़ाने के बाद क्राइम ब्रांच कर रही थी जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 642 मोबाइलों की हेराफेरी के मास्टरमाइंड को क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है। नेपाल में फरारी काट रहा यह आरोपी जैसे ही इंदौर के नजदीक राऊ तक आया क्राइम ब्रांच ने उसे पकड़ लिया। क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी के साथ उसके एक अन्य साथी को भी पकड़ा है। अब दोनों से सभी मोबाइल को लेकर पूछताछ की जा रही है।

इंदौर क्राइम ब्रांच ने रावजी बाजार में फरार 642 मोबाइलों में हेराफेरी कर बेचने वाले मास्टर माइंड को नेपाल से भारत से आते ही राऊ इलाके से पकड़ लिया है। एडिशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया ने अगस्त 2023 में रावजी बाजार इलाके में पकड़ाई मोबाइल खेप की जांच को आगे बढ़ाते हुए मास्टर माइंड जितेन्द्र उर्फ जॉनी वासवानी और उसके साथी जय को पकड़ा है। दोनों आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने राऊ इलाके से अपनी हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### नेपाल भाग गया था आरोपी

जॉनी उर्फ जितेन्द्र की नेपाल, दुबई और मुंबई में मोबाइल सप्लाय करने की चैन की जानकारी आई थी। जितेन्द्र को लगा था कि वह अगर पकड़ाया तो क्राइम ब्रांच उसे नहीं छोड़ेगी। वह पहले भी दो बार मोबाइल कांड में पकड़ा जा चुका है। इस बार 642 मोबाइल की खेप जिसमें उसने हेराफेरी की थी की खेप पकड़ाने के बाद वह नेपाल भाग गया था। पुलिस को प्रारंभिक पूछताछ में उसने बताया कि वह मामला ठंडा पड़ने तक इंदौर से बाहर रहना चाहता था। पुलिस के मुताबिक वह सरेंडर करने के मूड में था। लेकिन इंदौर आते ही राऊ में उसकी लोकेशन ट्रेस हुई। जिसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे दबोच लिया।

### कमिश्नर के आदेश पर मिली थी क्राइम ब्रांच को सौंपी जांच

स्थानीय पुलिस ने जब मोबाइल पकड़े तो आगे की जांच के लिये टेक्निकल टीम की जरूरत थी। जिसके बाद कमिश्नर ने अंतरराष्ट्रीय गिरोह के कनेक्शन होने का पता चला था। इसके चलते कमिश्नर मकरंद देउस्कर ने क्राइम ब्रांच को मामले की जांच सौंपी थी। मोबाइल में हेराफेरी कर बेचने वालों की इस गैंग का नेटवर्क दुबई, नेपाल और मुंबई तक मिले हैं। इस गैंग का कनेक्शन पिछले दिनों भंवरकुआ में पकड़ाए मोबाइल चोरी कांड के आरोपियों से जुड़े हैं।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।